# अदाणी ग्रुप काशी में तीन स्थानों पर बनाएगा इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन

## वीडीए और अदाणी ग्रुप में एमओयू को लेकर दौड़ रही फाइल, हो चुकी है बैठक

जेपी पांडेय • जागरण

**वाराणसी :** काशी ने बढ़ते प्रदूषण को रोकने को लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से कदम बढ़ाया लेकिन जिले में पब्लिक इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से लोग घरेलू या चोरी की बिजली से अपने वाहनों को चार्ज कर रहे थे। जिले में करीब 37 हजार इलेक्ट्रिक वाहन परिवहन कार्यालय में पंजीकृत है। जिले में जिन स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन हैं वह होटल या वाहन शो रूम के अंदर है। जल्द ही शहरवासियों को इस समस्या से निजात मिलने वाली है। अडानी ग्रुप ने वाराणसी विकास प्राधिकरण की जमीन पर तीन स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन खोलने की योजना बनाई है। वीडीए और अदाणी ग्रुप में एमओयू लेकर वीडीए में फाइल दौड़ रही है।



- काशीवासियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ाया कदम, चार्जिंग स्टेशन नहीं
- हवा दूषित होने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनजीटी उठा चुका है सवाल

### परिवहन निगम की बसें राजातालाब में होती है चार्ज

परिवहन निगम ने अपने 100 इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग के लिए राजातालाब में चार्जिंग स्टेशन बनाया है। यहां से बसें चार्ज होने के बाद जिले में संचालित हो रही हैं। यह जरूर है कि कैंट रोडवेज बस स्टैंड पर चार्जिंग स्टेशन निर्माणाधीन है। नगर निगम की ओर से भी 10 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन प्रस्तावित है लेकिन अभी योजना धरातल पर नहीं आ सकी है।

काशी में हवा दूषित हो चुकी है। खासकर वाहनों से जहरीली हवाएं निकल रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ एनजीटी भी सवाल उठा चुका है।

एनजीटी ने बैठक करने के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम, वाराणसी विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, राजकीय सेतु निगम, परिवहन निगम और परिवहन विभाग समेत कई विभागों को कटघरे में खड़ा कर चुका है। एनजीटी ने परिवहन निगम और परिवहन विभाग को सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों पर ज्यादा जोर देने को कहा था। दो व चार पहिया और थ्री व्हीलर वाहनों के पंजीयन भी परिवहन विभाग में हुए, इसमें 28 हजार से अधिक ई-रिक्शा है।

**यहां है ई-चार्जिंग स्टेशन:** नदेसर होटल ताज व पहड़िया सुरभि इंटरनेशनल होटल, शिवपुर में टाटा शो रूम, सिगरा और महमूरगंज मे इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन है। ये सभी चार्जिंग स्टेशन परिसर में है। यहां सामान्य व्यक्ति नहीं जा सकता है। शिवपुर में शो रूम जब तक खुला रहता है, उस दौरान कुछ वाहनों की चार्जिंग होती है।

**यहां है प्रस्तावित:** संत रविदास पार्क परिसर के पार्किंग में, वीडीए कार्यालय के प्रवेश द्वार पार्किंग और लालपुर में। तीनों स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन खोलने के लिए अदाणी ग्रुप ने प्रस्ताव बनाकर वीडीए को दिया है। किन शर्तों पर एमओयू होगा, इसको लेकर पिछले दिनों वीडीए में बैठक भी हुई थी।